## कल्पना चावला के बाद अब एक और भारतीय को नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चुना

**ह्यूस्टन।** नासा ने अपने नए अंतरिक्ष मिशन के लिए 12 अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया है जिसमें एक भारतीय भी शामिल है। नासा ने ये चुनाव रिकॉर्ड 18300 आवेदकों के बीच किया है। नासा ने इन अंतरिक्षयात्रियों का चयन धरती की कक्षा से गहरे अंतरिक्ष में अध्ययन के लिए किया गया है। इसके अनुसार इन्हें अब ट्रेनिंग दी जाएगी। नासा द्वारा चुने गए लोगों में से 7 पुरुष और 5 महिलाएं हैं। ये पिछले 20 सालों सबसे बड़ा ग्रुप अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए चुना गया है। चुने गए 12 लोगों में 6 सेना के अधिकारी, 3 वैज्ञानिक, 2 मेडिकल डॉक्टर और एक स्पेसएक्स का इंजीनियर है। इसके अलावा इस टीम में एक नासा का रिसर्च पायलट भी होगा। इन चुने गए लोगों में एक भारतीय अमेरिकी भी हैं उनका नाम राजा गिरिंदरचारी है। लेफ्टिनेंट कर्नल राजा ग्रिंदर चारी 39 साल के हैं। वह 461वें फ्लाइट टेस्ट स्कवाड्रन के कमांडर और कैलिफोर्निया में एडवर्ड एयरफोर्स बेस पर एम 35 इंटीग्रेटेड टेस्ट फोर्स के डायरेक्टर भी हैं। चारी वाटरलू में रहते हैं और उन्होंने एमआईटी से एयरोनॉटिक्स में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी। इसके अलावा यूएस नेवल टेस्ट पायलट स्कूल से ग्रेजुएशन किया। चारी के पिता भारतीय हैं। नासा के एक बयान के मुताबिक, नए अंतरिक्ष यात्री उम्मीदवारों का चयन 18,300 आवेदकों में से किया गया है, जो अगस्त महीने से अंतरिक्ष यान प्रणाली, स्पेस वाकिंग स्किल्स, टीमवर्क, रूसी भाषा तथा अन्य जरूरतों का प्रशिक्षण लेंगे।

## किसानों पर गोलियां बरसाना शर्मनाक'

'**महासमुंद।** मध्यप्रदेश के मंदसौर में पुलिस की गोली से 5 किसानों की मौत को वनोपज संघ के जिलाध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस के महामंत्री विनोद चंद्राकर ने इस घटना को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि क्या अपनी फसल की सही कीमत मांग कर इन किसानों ने कोई गुनाह किया था। अब शिवराज सरकार मुआवजा के नाम पर मृत किसान के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए देने की बात कह रही है। क्या इससे उन किसानों की जान लौटाई जा सकती है? चंद्राकर ने कहा कि फाइरिंग करने वाले पुलिस के साथ-साथ शिवराज सरकार पर भी एफ आईआर होना चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि ऐसी स्थिति छत्तीसगढ़ में भी आने वाली है। क्योंकि चुनाव में धान का समर्थन मूल्य 2100 रुपए करने की घोषणा के बाद भी रमन सरकार ने अभी तक इसे पूरा नहीं किया है। साथ ही वादानुसार किसानों को 300 रुपए बोनस भी नहीं दिया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ में भी किसान आंदोलन की आग पहुंचने वाली है। चंद्राकर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रमन सरकार कृषि नीति में बदलाव तथा धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि और बोनस नहीं देगी तो यहां भी मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तरह आंदोलन होगा।

### छेड़खानी करने वाला पिटा, फिर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ड्यूटी से वापस आ रही महिला का हाथ पकडक़र बदसलूकी करते देख आसपास मौजूद लोगों ने पहले युवक की जमकर पिटाई की फिर पुलिस को सौंप दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सरकारी संस्थान में काम करने वाली महिला बीती शाम ड्यूटी के बाद वापस अपने घर जा रही थी। पुराना बस स्टैण्ड के पास पैदल ऑटो स्टैण्ड की तरफ जा रही महिला को युवक ने पकड़ लिया और बदसलूकी करने लगा।

## बाढ़ से बचाने का नगर, सैनिकों ने किया अभ्यास

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं बाढ़ राहत व्यवस्था से निपटने आज नगर सैनिकों ने केलो डैम लाखा में मॉक ड्रिल कर अभ्यास किया। बाढ़ से घिरे लोगों को बचाने के लिए नगर सैनिकों द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया। केलो डैम लाखा में जलमग्न का परिदृश्य दिखाई दे रहा था। यहां नगर सैनिकों के बाढ़-बचाव दल द्वारा बोट के माध्यम से विभिन्न स्थानों में फंसे लोगों को बचाते हुए सुरक्षित तट तक पहुंचाने उम्दा प्रदर्शन किया गया। बाढ़ से घिरे लोगों तक बोट के जरिए पहुंचकर उन्हें स्ट्रेचर में किनारे पहुंचाया गया। इस रिहर्सल में नगर सेना के 47 जवानों ने भाग लिया। जिन्हें आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक चिकित्सा का पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है। नगर सेना के बाढ़ बचाव दल द्वारा एल्युमीनियम बोट एवं रबर बोट तथा टीन से बने राफ्ट का उपयोग किया गया। नगर सेना कमांडेट श्री ब्लासियस कुजूर ने बाढ़ रक्षक यंत्र छोटा राफ्ट, लाइफ जैकेट, एमरजेन्सी लाइट, सर्च लाइट, रस्सी, लाइफबाथ रिंग, स्ट्रेचर, रोप गन, मेगा फोन, तार, कटर, चेन शाह आदि की जानकारी दी। पानी के बोटल से बना लाइफ जैकेट भी दिखायी गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम एसण् जयवर्धनए अपर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया, एसडीएम प्रकाश सर्वे, श्री बी. आर. ठाकुर, आई. एल. ठाकुर, श्रीमती नम्रता डोंगरे, तहसीलदार नंदकिशोर चौबे ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन सलाहकार चंद्रेशखर साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खरसिया कांड का अंतिम आरोपी पकड़ाया

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** खरसिया के शराफा व्यापारी की 15-16 मार्च की दरम्यानी रात हत्या कर लूटपाट करने वाले सभी आरोपी पकड़ लिए गए गंज बाजार हनुमान मंदिर के पास स्व. विजय कुमार अग्रवाल के हत्या सहित डकैती मामले में चौकी खरसिया प्रभारी उप निरीक्षक सी.एम. मालाकार एवं उनके स्टाफ द्वारा फरार चल रहे आरोपी सोनू उर्फयोगेश पानधरे 24 साल निवासी प्रताप नगर नागपुर को प्रोडक्शन वारण्ट पर सेंट्रल जेल नागपुर से खरसिया लाया गया है जिसे आज जेएमएफसी खरसिया के न्यायालय में पेश किया गया तथा 12 जून तक पुलिस रिमांड लिया गया है । घटना के संबंध में थाना खरसिया में दर्ज अप क्र 158/17 धारा 392, 460, 396, 120 बी आईपीसी 25 आर्म्स एक्ट में पूर्व से 10 आरोपी जेल में है। शीघ्र प्रकरण की शेष कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जावेगा।

## महिला से छेडछाड़ 4 पर जुर्म दर्ज

**न्यायसाक्षी@रायगढ़ ।** किरोडीमल शौकीनगर में रहने वाली 30 वर्षीय महिला द्वारा कल थाना कोतरारोड़ में मोहल्ले के हमीद अंसारी, जितेन्द्र, मनीष एवं मनीष की मां के विरूद्ध मारपीट, छेडखानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। महिला पूर्व में हमीद अंसारी के घर पर किराये में रहती थी, अब दूसरे मकान में रहती है । कल शाम 7बजे अपने घर में खाना बना रही थी, इसका पति छत पर था । उसी समय इसके पडोस में रहने वाले मनीष की मां इसके घर आकर अपने घर काम है कहकर घर ले गयी जहां हमीद अंसारी पूर्व में हुये झगडा विवाद को लेकर महिला से गाली गलौच कर मारपीट करने लगा, तभी जितेन्द्र और मनीष भी वहां आये और तीनों मिलकर महिला का गलत नियत से धरपकड़ करने लगे, महिला शोर मचाई और अपने आप को छुडाकर घर आयी, जिसके पीछे-पीछे तीनों लडके आये और महिला के पति के साथ भी गाली गलौच करने लगे। रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में हमीद अंसारी, जितेन्द्र, मनीष एवं मनीष की मां के विरूद्ध धारा 294,506,323, 354,34 भादंवि दर्ज हुआ।

## महिला व पुरूष को ट्रक ने कुचला

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** छाल के ग्राम बंगरसुता की सुमित्रा बाई 50 वर्ष गांव के परदेशी यादव 25 वर्ष की मोटर सायकल क्रं. सीजी 13 यूजे 0915 में बैठकर छाल जा रहे थे कि तरेकेला सापीनाला पुलिया मोड पास ट्रक चालक ने मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, सुमित्रा राठिया ट्रक के नीचे दब कर मौके पर ही मौत हो गई व परदेशी यादव को अस्पताल ईलाज कराने ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी।

## महिला व पुरूष को ट्रक ने कुचला

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** छाल के ग्राम बंगरसुता की श्रीमति सुमित्रा बाई 50 वर्ष गांव के परदेशी यादव 25 वर्ष की मोटर सायकल हीरो डिलक्स क्रं. सीजी 13 यूजे 0915 में बैठकर छाल जा रहे थे कि ग्राम तरेकेला सापी नाला पुलिया मोड पास ट्रक क्रं. सीजी15 डीई 4699 के चालक ने मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, श्रीमति सुमित्रा राठिया ट्रक के नीचे दब कर मौके पर ही मौत हो गई व परदेशी यादव को अस्पताल ईलाज कराने ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी । घटना के संबंध सूचना पर थाना छाल में धारा 174 जाफौ तथा ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 ए भादंवि दर्ज किया गया ।

### सिविल अस्पताल खरसिया में उत्पात मचा

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** सिविल अस्पताल खरसिया में कार्यरत डॉक्टर श्रीमति ललिता राठिया कल आपात कालीन चिकित्सा अधिकारी की ड्युटी पर थी उसी दरम्यान दोपहर 2.50 बजे कृष्ण कुमार राठौर गालीगलौच, मारपीट कर शासकीय कार्य में व्यवधान पैदा किया, जिसकी रिपोर्ट पर धारा 186,332,506,294, 323 भारतीय दंण्ड विधान के तहत् पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

CAREER SCHOOL

Topper Students

Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.

## चोर सोने चाँदी के जेवरों सहित नगदी की चोरी

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** ग्राम किरीतमाल भूपदेवपुर के अमृत लाल डनसेना शासकीय विद्यालय में शिक्षक है जो लडके की शादी के लिये इसी माह सोने चांदी के जेवर क्रय किये थे 7 जून को वे पारिवार खाना खाकर दरवाजा बंद कर अपने.अपने कमरे में सोये थे। एक कमरे में अमृत लाल डनसेना का लड़का मोहन डनसेना गर्मी का दिन होने से दरवाजा का किवाड़ खोलकर सोया था । इसकी पत्नी यशवंती भी बिजली नहीं होने से रात्रि 12 बजे के बाद दरवाजा को बंद कर सोई थी। सुबह करीब 6.30 बजे जागने पर देखे कि आलमारी का एक कपाट उखड़ा हुआ था तब सामान चेक किया तो उसी कमरे में रखी एक नीले रंग की पेटी नही थी जिसमें सोने का मंगल सूत्र वजन 5 ग्राम करीब तथा 3 नग टेरी काट साड़ी कीमत 15 हजार रू करीब नही था कोई अज्ञात चोर किचन की खिडकी से घुस कर चोरी कर ले गया था, जिसकी रिपोर्ट आज थाना भूपदेवपुर में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर लिया गया । दूसरी चोरी रानीसागर सारंगढ के विष्णुकांत चौबे प्राथमिक शाला लीमभाठा जशपुर में शिक्षक पंचायत वर्ग 3 के पद पर कार्यरत है। स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से वे परिवार सहित गृह ग्राम गये हुये थे 7 जून को उसको पडोसियों ने घर में चोरी होने की जानकारी दी तब कल विष्णुकांत अपने घर वापस आकर सामान चेक करने पर पाये कि मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर तथा आलमारी के अंदर में रखे चांदी का 5 नग पायल लगभग 20 तोला, कर्धन चांदी का 1 नग लगभग 15 तोला, 3 सिंदुर डिब्बा, 4 नगचाबी छल्ला एवं 1000 नगद तथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, नियुक्ति संबंधी दस्तावेज को चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### चोरी का आरोप लगा की मारपीट

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** ग्राम तारापुर में श्रीमति सिवानी महंत के घर के सामने संजय दास महंत का परिवार रहता है। करीब 4-5 दिन पूर्व संजय महंत की बहन दुरपती बाई महंत की शादी हुई उसकी पत्नी भारती महंत एक पानी भरने वाला स्टील का पंप श्रीमति सिवानी महंत के घर में रखने के लिए छोड़ रखी थी। कल सुबह संजय दास की मां महंत के घर पंप को चोरी करके रखे हो कहकर विवाद कर रही थी तभी संजय दास महंत, छबीदास महंत आये और हाथ मुक्का से मारपीट किये। रिपोर्ट पर धारा 294, 506,323,451,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

ऐजेंसी देना है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ , छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
Our V.t.P. कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां
शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

आवश्यकता है
व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931